# हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा 1 से 14 सितम्बर 2018 तक हिंदी पखवाड़े तथा 14 सितम्बर 2018 को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विचार प्रकट करते हुए संस्थान के निदेशक, **डॉ. वी.पी. तिवारी,** ने हिंदी




के क्रमबद्ध विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है , जिसमें एक राष्ट्र भाषा होने के सभी गुण मौजूद हैं । भारतीय सविंधान सभा में संघ सरकार की राजभाषा निश्चित करने का प्रश्न आया तो विशद विचार मंथन के बाद 14 सितंबर, 1949 को हिन्दी को भारत संघ की राजभाषा घोषित किया गया । भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ और तभी से देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी विधिवत भारत संघ की राजभाषा है । इसके पश्चात् 1963 में राजभाषा अधिनियम बनाया गया तथा 1976 में राजभाषा नियमों की सरंचना की गई ।



उहोने बताया कि इसके पश्चात् भारत सरकार लगातार प्रयासरत है कि सरकारी कार्यालयों में अधिकतर कार्यों का निष्पादन राजभाषा हिंदी में ही किया जाए। उन्होंने संस्थान में कार्य कर रहे वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार संस्थान में अधिकतर कार्य हिंदी में ही किया जाए तथा यह भी आह्वाहन किया कि राजभाषा को दिल से अपनाएं न कि किसी के दबाव में आकर।




हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में **श्री सत्य प्रकाश नेगी**, कार्यालयाध्यक्ष ने कहा कि हिन्दीर प्रांत विशेष की नहीं अपितु संपूर्ण देश की भाषा है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में कामकाज की समीक्षा रखते हुए कार्मिकों को हिन्दीं में कामकाज के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

हिंदी पखवाड़े के आयोजन के दौरान दिनांक 12 सितम्बर 2018 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्री दिनेश धीमान ने राजभाषा अधिनियम तथा इससे सम्बंधित नियमों के बारे संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को विशेष जानकारी उपलब्ध करवाई गई।



संस्थान द्वारा हिंदी पखवाड़े के आयोजन के दौरान हिंदी में निबंध लेखन, कंप्यूटर पर हिंदी टंकण, शब्द ज्ञान और हिंदी अनुवाद तथा कविता पाठ का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में श्री रोहित कुमार ने प्रथम, कुमारी भूमिका कँवर ने द्वितीय तथा श्री नरेंदर कुमार तृतीय स्थान तथा कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतयोगिता में श्री कृषण देव ने प्रथम, श्री गुलेर सिंह ने द्वितीय तथा श्री रोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शब्द ज्ञान और हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता में श्री प्रवीण कुमार ने प्रथम, श्री दुष्यंत कुमार ने द्वितीय तथा श्री गुलेर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में कुमारी नेहा शर्मा ने प्रथम, कुमारी शिवानी चौहान ने द्वितीय तथा श्री प्रवीण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा निर्णायकों को संस्थान के निदेशक, डॉ. वी.पी तिवारी ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया।




कार्यक्रम के अंत **श्री संजीव कुमार,** हिंदी अधिकारी ने हिंदी पखवाड़े के आयोजन हेतु उत्साहवर्धन के लिए संस्थान के निदेशक, डॉ. वी.पी. तिवारी का धन्यवाद किया तथा हिंदी पखवाड़े में संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रतिभागियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।



## हिंदी पखवाड़े के आयोजन के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं की झलकियाँ




निबंध लेखन प्रतियोगिता



शब्द ज्ञान और हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता

# कविता पाठ















# पारितोषिक वितरण


वन अनुसंधान संस्थान, शिमला


हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला


हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान,


हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला
हिंदी



